देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2024/mmp/28 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | सोमवार, 20 मई 2024

# जेडीए के ज़ोन 10 मे सीबीआई फाटक,गंगा मार्ग,जगतपुरा स्थित RSBCL के गोदाम वाली करोड़ों की कृषि भूमि और 160 फीट सड़क सीमा मे आने वाली करीब 5 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी और अवैध दुकाने बनाने का मामला!!




## भूमाफियाओ के रसूख के आगे जेडीए के जोन 10 मे अवैध निर्माणों पर कार्यवाही बनी सपना!!

## अवैध निर्माणों की रेस मे जेडीए का बुलडोजर फिसड्डी साबित!!



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com




**गूगल मेप से ली गई फोटो जिसमे इक्का दुक्का दुकानों को छोड़कर,बाकी जमीन खाली दर्शाई गई है|**

## क्या है जेडीए के ज़ोन 10 मे सीबीआई फाटक,गंगा मार्ग,जगतपुरा स्थित RSBCL के गोदाम वाली करोड़ों की कृषि भूमि और 160 फीट सड़क सीमा मे आने वाली करीब 5 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी और अवैध दुकाने बनाने का मामला?

जैसा कि आपको बताया जा चुका है कि जयपुर शहर के बाहरी इलाको के ज़ोनो मे कृषि भूमियों को बिना भू-रूपांतरित करवाए ,उन पर कॉलोनियाँ बसाने का धंधा जोरों पर है|इन ज़ोनो मे एक ज़ोन 10 भी है,जहां ताबड़तोड़ अवैध कोलोनियों को बसाने का काम जोरों पर चल रहा है|जेडीए की लगातार कार्यवाहियों के बावजूद इन पर लगाम नही लग पा रही है|जेडीए के ज़ोन 10 मे स्थित सीबीआई फाटक,जगतपुरा स्थित RSBCL के गोदाम वाली करोड़ों की कृषि भूमि और 160 फीट सड़क सीमा मे आने वाली करीब 5 बीघा कृषि भूमि पर आगे की तरफ दुकाने और पीछे की तरफ प्लॉट काट कर बेचने की तैयारियां चल रही है|आपको बता दें कि कि कृषि भूमि पर पूर्व मे राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों से साँठ गांठ कर शराब का गोदाम चलाया जा रहा था,जिसे अनयंत्र शिफ्ट कर दिए जाने के बाद खाली हुई अब इस करोड़ों की जमीन पर अवैध व्यवसायिक दुकाने और प्लॉट काट कर अवैध कॉलोनी बसाने का खेल खेला जा रहा है|सूत्रों के अनुसार शराब गोदाम से लेकर हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के बीच की करीब 5 बीघा बेशकीमती जमीन पर जेडीए के अधिकारियों की मिलीभगत से दुकान बनाने और प्लॉट काटने का काम किया जा रहा है|यदि इस बेशकीमती कृषि भूमि को जेडीए विनियमों के तहत भू -उपयोग परिवर्तन करवाकर,बेचा जाता तो जहां एक तरफ जेडीए को लाखों करोड़ों रुपयों के राजस्व की आय होती वही दूसरी तरफ इस क्षेत्र का भी सुनियोजित विकास होता|लेकिन चंद रुपयों के लालच के चलते भूमाफिया ना केवल राजस्व को चुना लगा रहे है बल्कि शहर के सुनियोजित विकास मे भी बाधा बन रहे है|

## जेडीए का प्रवर्तन दस्ता केवल नोटिस देकर बजा रहा गाल!!जबकि अवैध दुकानों मे व्यवसायिक गतिविधियां भी शुरू!!




हमारे द्वारा यह मामला जेडीए के संज्ञान मे लाने के करीब एक डेढ़ महीने बाद जेडीए का प्रवर्तन विभाग गहरी नींद से जागा और मौका मुआयना करने पहुंचा|लेकिन जब तक अवैध निर्माणकर्ता ना केवल अवैध निर्माण पूर्ण कर चुके थे बल्कि अवैध दुकानों मे बिना अनुमति व्यवसायिक गतिविधियां भी शुरू कर चुके है|लेकिन इसके बावजूद जेडीए का प्रवर्तन दस्ता मौके पर करीब तीन अवैध निर्माणकर्ताओ को नोटिस देकर पुनः गहरी नींद मे सो गया|संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत के क्रम मे दिनांक 02/05/2024 को संबंधित प्रवर्तन अधिकारी द्वारा यह अवगत करवाया गया था कि अवैध निर्माणों को जेडीए अधिनियम की धाराओ के तहत नोटिस जारी किए जा चुके है|लेकिन जवाब के 20 दिन बाद भी जेडीए प्रवर्तन द्वारा ना तो नोटिस की प्रति उपलब्ध करवाई जा रही है और ना ही अवैध निर्माणों के विरुद्ध अग्रीम कार्यवाही अमल मे लाई जा रही है|

## भूमाफियाओ के रसूख के आगे जेडीए के जोन 10 मे अवैध निर्माणों पर कार्यवाही बनी सपना!! अवैध निर्माणों की रेस मे जेडीए का बुलडोजर फिसड्डी साबित!!

एक तरफ तो जेडीए का प्रवर्तन दस्ता सड़क के छोटे-मोटे अतिक्रमणों को हटा कर माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की खानापूर्ति कर अपने गाल बजा रहा है, वही शहर के छुटभइये नेता,और छोटे-छोटे भु-माफिया  खुलेआम शहर की मुख्य सड़कों पर अवैध निर्माण,अतिक्रमण कर,जेडीए के प्रवर्तन दस्ते की जमकर खिल्ली उड़ा रहे है|ऐसा लग रहा है मानो जेडीए के जोन 10 मे अवैध निर्माणों पर कार्यवाही अब एक सपना बन कर रह गई है और अवैध निर्माणों की रेस मे जेडीए का बुलडोजर फिसड्डी साबित हो रहा है|देखना यह है कि एक बार फिर मामला जेडीए के संज्ञान मे लाने के बाद इस मामले कार्यवाही होती है या फिर जेडीए का प्रवर्तन दस्ता एक बार फिर फौरी कार्यवाही कर, चुप्पी साध लेता है|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | , , , | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer | Allocated | 23-Mar-2024 | परिवाद सम्बंधित अधिकारी को अग्रेषित कर दी गयी है | - |

/8/24, 4:55 PM

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | | | | |
| 3 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | , , , | Remarks | 22-Apr-2024 | प्रकरण में मौका देखकर नियमानुसार जल्द ही विधिक कार्यवाही की जावेगी। | - |
| 4 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | , , , | Partially Closed :Relief | 22-Apr-2024 | प्रकरण में मौका देखकर नियमानुसार जल्द ही विधिक कार्यवाही की जावेगी। | - |
| 5 | Citizen Contact Center , Data Entry Operator , ( Administration ) , Citizen Contact Center, Secretariat Library Building | Jaipur Development Authority (J D A) , Chief Controller Enforcement , ( Enforcement ) , Chief Controller Enforcement | Marked Not Satisfied | 26-Apr-2024 | परिवादी विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से असंतुष्ट है | उक्त परिवाद मे विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से परिवादी को राहत नही मिली है अत: आप से निवेदन है की परिवादी की समस्या का समाधान करके राहत प्रदान करावे | | - |
| 6 | Jaipur Development Authority (J D A) , Chief Controller Enforcement , ( Enforcement ) , Chief Controller Enforcement | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | Transferred | 26-Apr-2024 | प्राप्त प्रकरण में आप द्वारा समस्त तथ्यो से परिवादी को अवगत नहीं कराने के कारण परिवादी असंतुष्ट हुआ है, जिसके कारण प्रकरण उच्च स्तर पर प्राप्त हुआ है जो अत्यंत चिंतनीय है कतई स्वीकार्य नहीं है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में अविलंब ही मौका निरीक्षण कर, अंकित तथ्यो की पूर्ण जांच कर, मौके पर परिवादी को समस्त तथ्यो से अवगत कराते हुए, मौके के फोटो ग्राफ्स लिए जाकर प्राप्त परिवाद का विधिसम्मत मैरिट आधारित निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।( वर्तमान विषय :- अतिक्रमण हटाना से नया विषय :- अवैध निर्माण एवं वर्तमान पता :- जिला- जयपुर , शहर- जयपुर ग्रेटर, वार्ड- वार्ड न. 41 से नया पता :- जिला- जयपुर , शहर- जयपुर ग्रेटर, वार्ड- वार्ड न. 41 एवं वर्तमान विभाग सम्बंधित कार्य क्षेत्र :- ज़ोन 10 से नया विभाग सम्बंधित कार्य क्षेत्र:-ज़ोन 10 में परिवर्तन किया गया ) | - |
| 7 | , , , | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | Allocated | 26-Apr-2024 | परिवाद सम्बंधित अधिकारी को अग्रेषित कर दी गयी है | - |
| 8 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | , , , | Remarks | 02-May-2024 | उक्त वर्णित स्थल पर किये गये अवैध निर्माण के संबंध में जविप्रा अधिनियमों के नोटिस जारी किये जा चुके है। अग्रिम कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | - |
| 9 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( Enforcement ) , Enforcement Officer - 10 | , , , | Partially Special Closed | 02-May-2024 | उक्त वर्णित स्थल पर किये गये अवैध निर्माण के संबंध में जविप्रा अधिनियमों के नोटिस जारी किये जा चुके है। अग्रिम कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | - |
| 10 | Citizen Contact Center , Data Entry Operator , ( Administration ) , Citizen Contact Center, Secretariat Library Building | , , , | Marked Not Satisfied | 05-May-2024 | परिवादी विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से असंतुष्ट है | उक्त परिवाद मे विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से परिवादी को राहत नही मिली है नोटिस की कॉपी उपलब्ध करवाई जाए अत: आप से निवेदन है की परिवादी की समस्या का समाधान करके राहत प्रदान करावे | | - |
| **11** | **Citizen Contact Center , Data Entry Operator , ( Administration ) , Citizen Contact Center, Secretariat Library Building** | , , , | **Request For Reopen** | **05-May-2024** | **शिकायतकर्ता विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही से असंतुष्ट है श्रीमान जी से निवेदन है की इनकी शिकायत पर पुनः कार्यवाही करने का श्रम करें ।** | - |

## संबंधित मामले मे जेडीए द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा